बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

पंचदश बिहार विधान सभा का सप्तदश-सत्र दिनांक- 03 अगस्त, 2015 को 11.00 बजे पूर्वा० में बिहार विधान सभा वेश्म में आहूत किया गया है, जिसका सीधा वेबकास्टिंग किया जायेगा, जिसे http://webcast.gov.in/biharvs तथा www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखा जा सकता है ।

सत्र के दौरान प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केन्द्र, पटना एवं प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं करें । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे । माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सत्र के दौरान विधान मंडल परिसर में अपने साथ अंगरक्षक या किसी अन्य व्यक्ति को न लाने, सुरक्षा जाँच में सहयोग करते हुए सत्रकाल में काला शीशायुक्त वाहन का प्रयोग नहीं करने, सुरक्षाकर्मियों द्वारा मांगे जाने पर अपना प्रवेश-पत्रक अवश्य दिखलाने तथा सत्र से संबंधित सामग्री ही लाने की कृपा करें ।

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।